प्रेस नोट थाना तिलहर

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनांक- 24.05.2026

थाना तिलहर पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त को त्वरित कार्यवाही करते हुए किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय श्री सौरभ दीक्षित द्वारा चलाये जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, अवैध शराब, अवैध शस्त्र, मादक पदार्थों की बरामदगी, चोरी, लूट, डकैती, गौतस्करी, जिला बदर एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने हेतु प्रभारी निरीक्षक तिलहर द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 24.05.2026 को 01 नफर वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र प्रताप उर्फ गोविन्द पुत्र नेत्रपाल नि0 ग्राम मुला गौटिया थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 22.05.2026 को थाना तिलहर पर वादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किये जाने के संबंध में तहरीर दी गयी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तिलहर पर मु0अ0सं0 247/2026 धारा 65(2) बीएनएस व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त प्रकरण की विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर द्वारा संपादित की जा रही है। उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र प्रताप उर्फ गोविन्द पुत्र नेत्रपाल निवासी थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 24.05.2026 को अभियुक्त को खैरपुर रोड पर कमलापुर की ओर जाने वाले मार्ग पर नीम के पेड़ के पास थाना तिलहर क्षेत्र से समय करीब 10:57 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण -

- वीरेन्द्र प्रताप उर्फ गोविन्द पुत्र नेत्रपाल उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम मुला गौटिया थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर उ0प्र0 ।

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

- मु0अ0सं0 247/26 धारा 65(2) बी.एन.एस. व 5M/6 पोक्सो एक्ट बनाम वीरेन्द्र प्रताप उर्फ गोविन्द थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान का विवरणः-

- दिनांक 24.05.2026 को समय करीब 10:57 बजे, खैरपुर रोड पर कमलापुर की ओर जाने वाले मार्ग से ।

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. प्र0नि0 श्री प्रिंस शर्मा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री गौरव शर्मा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
3. हे0का0 अनुप सिंह थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर
4. हे0का0 भारतमणि थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर